तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 19.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 6 मई 2025

11 एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा ...



12 पर्ची खर्ची के सिस्टम को मनोहर लाल ने किया था ...



**खबर संक्षेप**

### कुवि ने घोषित किए कई परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 14 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीएफए 5वां सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), बीबीए तृतीय सेमेस्टर डिजिटल मार्केटिंग/एनालिटिक्स, एम.ए. (हिन्दी) प्रथम सेमेस्टर एनईपी, बी.वोक खाद्य विज्ञान एवं गुणवत्ता नियंत्रण तृतीय सेमेस्टर, बीसीए तृतीय सेमेस्टर (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एनईपी, बीसीए तृतीय सेमेस्टर एनईपी, बी.एससी. गृह विज्ञान प्रथम सेमेस्टर (पुनः) नॉन-सीबीसीएस, एमबीए प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) एनईपी एमबीए प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) एनईपी,बीटीटीएम प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### नाबालिग लड़की को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर के फरकपुर क्षेत्र में एक युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा कर लिया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज पर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फरकपुर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की दो मई को शाम सात बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को साहब नामक युवक शादी का झांसा देखकर अगवा करके ले गया है।

### छात्रों को सेज पत्रिकाओं के बारे में जागरूक

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय, द्वारा कम्प्यूटर लैब में शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए एक राष्ट्र एक सदस्यता के साथ अनुसन्धान उत्कृष्टता बढ़ाने पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेज पब्लिशिंग के विशेषज्ञ मनोज कुमार और रेणु ने उपयोगकतार्ओं को सेज पत्रिकाओं की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जागरूक किया। उन्होने बताया कि सेज विभिन्न विषयों में 1000 से अधिक पत्रिकाओं तक पहुंच प्रदान करता है और देश भर के सभी व्यक्तियों को पूर्णताः कवरेज प्रदान करता है।

### चार किलो गांजा पत्ती के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** शहर यमुनानगर पुलिस ने सब्जी मंडी के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार किलो 148 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर थाने में तैनात एएसआई जगतार सिंह अपनी टीम के साथ शहर में गश्त कर रहे था। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि बिहार के गांव रामपुर निवासी उमेश कुमार जो की बाड़ी माजरा यमुनानगर में रहता है।

### पुलिस ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नशा तस्करी के आरोप में हरजिंद्र उर्फ बिल्ला पुत्र कुलदीप निवासी भट्ठा कॉलोनी घरौंडा, जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। जबकि हरजिंद्र की कार चालक सोनू निवासी घरौंडा फरार हो गया। पुलिस ने हरजिंद्र की 30 किलो 840 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह काफी समय से नशा बेचने का अवैध काम कर रहा है। छत से गिरकर चोटिल हो गया था।

# यूपी के युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया 3 पुलिस कर्मियों पर हत्या का आरोप

## परिजनों ने हरिद्वार हाईवे पर जाम लगाया, डीएसपी ने मामले की जांच शुरू की

- विजय का शव सोमवार की सुबह यमुना नदी पर बने पुल के नीचे पड़ा मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव सनौली खुर्द यमुना पुल चौकी पर तैनात तीन पुलिस कर्मियों ने रविवार रात को कथित रूप से दो सगे भाइयों अजय व विजय निवासी कांधला, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को टैम्पू से उतार कर पिटाई की। पुलिस ने अजय को लॉकअप में बंद कर दिया।

जबकि विजय कथित रूप से चौकी से भाग निकला। वहीं, विजय का शव सोमवार की सुबह यमुना नदी पर बने पुल के नीचे पड़ा मिला। इधर, विजय की मौत की सूचना पर मृतक के परिजन व रिश्तेदार यमुना पुल चौकी पहुंचे और आरोप लगाया कि तीन पुलिस कर्मियों ने विजय से 15 हजार रूपये की नगदी छीन ली और उसकी पीट पीट कर हत्या की। पुलिस कर्मियों ने विजय का शव यमुना नदी के पुल के नीचे फैंक दिया। वहीं, विजय के परिजनों ने तीनों पुलिस कर्मियों पर केस दर्ज व गिरफ्तारी की मांग को लेकर हरिद्वार हाईवे के बीच में बैठ कर यातायात जाम कर दिया। इधर, इस मामले की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी नरेंद्र कादियान मौके पर पहुंची और पिरजनों को समझा कर जाम खुलवाया और विजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवाया। दूसरी ओर, अजय व विजय पर एक लडकी से छेडछाड करने का आरोप था, दोनों को यमुना पुल पर तैनात पुलिस ने टैंपू से नीचे उतरा था। वहीं, विजय भाग गया था, जबकि अजय को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने अजय के पिता को कांधला से चौक में बुलाया था और अजय को गलती मानने पर पिता को सौंप दिया था।



**पानीपत।** हरिद्वार हाईवे पर लेट कर विलाप करते मृतक विजय के परिजन।

### लड़की ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

सनौली खुर्द थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दोनों भाइयों अजय व विजय पर एक लडकी ने छेडछाड का आरोप लगाया था। इस पर ही पुलिस कर्मियों ने दोनों को टैंपू से नीचे उतरा। विजय मौके से भाग गया था, जबकि अजय को हिरासत में लिया गया था। अजय के माफी मांगने पर उसके पिता अजब सिंह को चौकी में बुला कर उसे सौंप दिया गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह विजय का शव यमुना नदी पुल के नीचे से मिला है। उसकी मौत की जांच की जा रही है।

### दोष साबित होने पर कार्रवाई की जाएगी

विजय का शव मिला है। परिजनों ने तीन पुलिस कर्मियों पर विजय की हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, ये पूरा क्षेत्र सीसीटीवी निगरानी में है। फुटेज चेक की जाएगी। अगर, पुलिसकर्मियों ने मारपीट की है, तो उनपर कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा।
-**नरेंद्र कादियान**, डीएसपी समालखा

### टोल प्लाजा पर जांच को रुकवाया था टैंपो

अजय ने बताया कि वह और उसका भाई विजय कैटरिंग का काम करते थे। रविवार की शाम दोनों भाई कुरुक्षेत्र से कांधला अपने घर जाने को पानीपत से टैंपो में सवार हुए थे। जब उनका टैंपो तामशाबाद टोल प्लाजा पर पहुंचा तो यहां पर पुलिस ने टैंपो में सवार लोगों की जांच की। जांच के दौरा पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने उसे और उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान सनौली थाने के दो अन्य पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गए। इसके बाद तीनों ने उन दोनों के साथ बुरी तरह मारपीट की। सबके सामने पैर तक पकड़वाए। इसके बाद वे दोनों भाई टैंपो में सवार होकर कांधला के लिए रवाना हुए। वहीं तीनों पुलिस कर्मी अपने वाहन में सवार होकर यमुना पुल पर पहुंचे और यहां उनका टैंपो रूकवा लिया और दोनों भाइयों की फिर पिटाई की। इस दौरान विजय वहां से भाग निकला। जबकि अजय को तीनों पुलिस कर्मियों ने सनौली पुलिस चौकी की हवालात में बंद कर दिया और विजय की तलाश में जुट गए। अजय का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन लिए और उसके पिता अजब सिंह से भी रूपये लिए।



### कुवि में असिस्टेंट के पद पर पदोन्नत हुए प्रताप राम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के दो क्लर्कों को असिस्टेंट के पद पर पदोन्नत किया गया। जिसमें स्थापना शाखा में कार्यरत प्रताप राम और परीक्षा शाखा-3 में कार्यरत सुरेश कुमार शामिल हैं। प्रताप राम ने बताया कि वे जनवरी 1992 में ग्रुप डी के पद पर नियुक्त हुए थे। इसके बाद 18 मार्च 2011 को क्लर्क के रूप में पदोन्नति मिली और अब असिस्टेंट के पद पर प्रमोशन हुई है। प्रताप राम ने 23 साल में अपनी मेहनत के बल पर सेवादार से असिस्टेंट तक का सफर तय किया है। प्रताप राम ने प्रमोशन के लिए केयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर और पूर्व सहायक कुलसचिव दविंदर सचदेवा का आभार जताया।

## दुकान से सोने की 62 ग्राम की चेन उड़ाने वाली महिलाएं काबू

**अंबाला।** अंबाला छावनी के सदर बाजार में एक ज्वेलर के पास ग्राहक बनकर आई दो महिलाओं और एक पुरुष द्वारा 62 ग्राम 520 मिलीग्राम सोने की चेन चोरी करने के मामले का पुलिस ने सुलझा दिया है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 की टीम ने वारदात के बाद अंबाला कैंट के बाजारों समेत करीब 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर गिरोह का पता लगाया। टीम ने छापेमारी कर बिजनौर की महिला रोशन जहां और उसकी मां नसीमा, फैयाज अहमद, गुल्लू को गिरफ्तार किया। आरोपियों से अभी वारदात में शामिल कार व सोने की चेन भी बरामद करनी है। टीम ने जब बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले को सामने आया था कि वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों महिलाएं पैदल जाती दिखीं। पुलिस और दुकानदार को चकमा देने के लिए गाड़ी एक किमी की दूर खड़ीकी थी।

## कनाड़ा भेजने के नाम पर युवक से 16 लाख की ठगी

**अंबाला।** मिल्क गांव के कृष्ण पाल से कनाडा भेजने के नाम पर 16 लाख की ठगी हो गई। पीड़ित ने बताया कि पंचायत के फैसले में उसे 6 लाख रुपए मिल गए लेकिन आरोप है कि जब उसने बाकी पैसे मांगे तो उसे धमकाया गया और गाली-गलौज की गई। उसने एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मोहाली के रुद्राक्ष ग्रुप के राकेश रिखी, कैलाश सेठी, कनिका शर्मा, रोहित एडवाइजर, किरण ठाकुर, अमित शर्मा, हेमंत, हरविंदर सिंह पब्लिक एडवाइजर, गुरप्रीत सिंह, मनराज, इंद्रजीत, रोहित शर्मा, पीयूष तिवारी, अरुण कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**छात्राओं ने किया कुवि का शैक्षणिक भ्रमण**

## स्टार्टअप को शुरू करने से पहले मार्केट रिसर्च जरूरी: डॉ. शर्मा



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान नवाचार की विभिन्न विधाओं के बारे में जानकारी देते हुए वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में सोमवार को कॉलेज प्रिंसिपल डॉ सुरिंद्र कौर के दिशा निर्देश पर 40 छात्राओं को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के टेक्नालॉजी इन्क्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। जहां सेंटर की समन्वयक डॉ. अनुरेखा शर्मा ने छात्राओं को स्टार्टअपए नवाचार और उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान आईआईसी कनवीनर विवेक, आईपीआर को.ओडिनेटर डॉ अनीता मौदगिल, इंटर्नशिप समन्वयक निशी, आईआईसी मेंबर ममता थापर व मनिका सेठी मौजूद रही। सेंटर की समन्वयक डॉ. अनुरेखा शर्मा ने छात्राओं को नवाचार की विभिन्न विधाओं के बारे में बताया। साथ ही उद्यमिता की शुरुआत से लेकर बाजार तक के सफर की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्टार्टअप को शुरू करने से पहले मॉर्केट रिसर्च बेहद जरूरी है। ताकि बाजार के हिसाब से प्रोडक्ट तैयार मांग को बढ़ाया जा सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि आम लोग की जरूरतों की पहचान कर नवाचार के जरिए सफल उद्यम शुरू किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न स्टार्टअप की जानकारी देकर युवाओं की सफलता के बारे में बताया। साथ ही छात्राओं को प्रयास योजना के बारे में विस्तार से बताया।

## अंबाला में मंडी सचिव को धमकाने वाला फर्जी पत्रकार गिरफ्तार

- युवक काफी समय से खबर छापने के नाम पर धमकी दे रहा था

**अंबाला।** पुलिस ने एक फर्जी पत्रकार को गिरफ्तार किया है। फर्जी पत्रकार पर मोहड़ा मंडी सचिव को धमकी देने का आरोप लगा है। फिलहाल पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। अब उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। थाना पड़ाव के एसएचओ धर्मवीर ने बताया कि युवक के खिलाफ मोहड़ा मंडी के सेक्रेटरी ने शिकायत दी थी कि आरोपी उन्हें खबर छापने की धमकी दे रहा है। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल नंबर की जांच की और युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक की पहचान दीपक शर्मा के तौर पर हुई जोकि डेराबस्सी का रहने वाला बताया जा रहा है। मंडी सेक्रेटरी ने अपनी शिकायत में कहा था कि एक युवक जो खुद को पत्रकार बताता है वह उसे काफी समय से धमकी दे रहा था। युवक मंडी सेक्रेटरी से कहता था कि अगर मेरे अनुसार नहीं चलोगे तो मैं तुम्हारे खिलाफ खबर छाप दूंगा। इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइकर्स की मौत

- पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव भगवानपुर के पास बीती रात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खारवन निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। गांव का ही जसप्रीत उर्फ बग्गा उसका दोस्त है। वह शाम को अपने दोस्त जसप्रीत उर्फ बग्गा के साथ बाइक पर किसी काम से गांव भगवानपुर गए थे। रात को नौ बजे जब वह काम खत्म करके वापस लौट रहे थे तो गांव भगवानपुर से थोड़ा आगे कृष्णा प्लाई बोर्ड व बालाजी प्लाइवुड के पास तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने उनको जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उसकी टांगए बाजू व छाती में चोट लगी जबकि उसके दोस्त जसप्रीत सिंह का सिर सड़क पर लगने से फट गया। जिससे अधिक खून बहने लगा।

हादसे के बाद वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसके दोस्त जसप्रीत सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### आंधी-बरसात से सॉल्वेंट की चिमनी टूटी

**तरावड़ी।** बीती रात को तेज आंधी और बरसात से कई जगहों पर भारी नुकसान हुआ। तरावड़ी के आसपास गांव में पशुओं के बाड़े की छतें उड़ गई। इसके इलावा सडकों के साइडों पर पेड़ उखड़ कर गिर गए। इसके इलावा तरावड़ी जीटी रोड पर स्थित ब्लू बेल एगजिम प्राइवेट लिमिटेड सॉलवेन्ट की चिमनी गिर गई। जिससे मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। सॉल्वेंट के मलिक नंदकिशोर खुराना ने बताया कि कल रात को करीब 8 और 9:00 बजे के बीच तेज आंधी और बरसात शुरू हुई उस तेज आंधी से मिल की चिमनी गिर गई और जिस छत पर चिमनी गिरी उस की छत भी गिर गई गनीमत यह रही कि कोई कर्मचारी आसपास नहीं था जिसे जान मान का कोई नुकसान नहीं हुआ।



### शिक्षाविद दीनानाथ बत्रा की स्मृति में जरूरतमंद छात्रों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती उत्तर क्षेत्र द्वारा शिक्षाविद स्वर्गीय दीनानाथ बत्रा की स्मृति में छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया गया। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा ने बताया कि विद्या भारती मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढने के लिए निशुल्क आवासीय शिक्षा देगी। जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा व दिल्ली के विद्यालयों में इन विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा व उनकी विद्यालय स्तर व उच्च स्तर की शिक्षा का सारा वहन विद्या भारती द्वारा ही किया जाऐगा। यह सम्पूर्ण कार्य पूर्व छात्र परिषद के स्वयंसेवकों के सहयोग से किया जाना है। इस योजना के पोस्टर का विमोचन श्रीमद्भभागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। डॉ पंकज शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक, पूर्व छात्र परिषद ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। स्वर्गीय दीनानाथ के पुत्र अनिल बत्रा ने दीनानाथ के सामाजिक जीवन के बारे व शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किऐ गये अनुकरणीय कार्यों के विषय में सभी पूर्व छात्रों को अवगत कराया। इस अवसर पर बाल किशन, सुरेन्द्र अत्रि, सम्पूर्ण सिंह, महामंत्री हरियाणा प्रांत, संजय चौधरी, क्षेत्रिय संयोजक, अशोक रोशा, दिनेश बत्रा, श्याम मित्तल, रोशन लाल सैनी, विधु सिंगला, विरेंद्र वालिया, अनिल मदान, राजकुमार राणा, सतीश सैनी, शौरभ त्रिखा आदि अनेक पूर्व छात्र उपस्थित रहें।

**कार्यक्रम** पुलिस अकादमी में लोक अभियोजकों के लिए नये आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण शुरू

# ज्ञान को जितना आपसे में बांटेगे यह उतना ही आगे प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाएगा

*भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ*

हरिभूमि न्यूज करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'तीन नये अपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियोजन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी के निर्देश पर अकादमी के जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 26 लोक अभियोजक भाग ले रहे हैं। अकादमी के निदेशक कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से रूबरू हुए तथा प्रतिभागियों ने उनके साथ समूह चित्र भी करवाया। अकादमी के जिला न्यायवादी डॉ सोहन सिंह ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक की भूमिका निभाई। लोक अभियोजन अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि वैसे तो आप सभी कानून के ज्ञाता हैं लेकिन इस प्रशिक्षण के माध्यम से नए आपराधिक कानूनों पर कुछ नया सीखने को मिलेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपको एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जिसके माध्यम से आप अपने अनुभवों को अपने साथियों के साझा कर सकेंगे। क्योंकि ज्ञान को जितना आपसे में बांटेगे यह उताना ही आगे प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में अतिथि वक्ता डॉ दीपा सिंह, एडवोकेट पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट, चंडीगढ़ ने प्रतिभगियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस अकादमी में पहले भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इनके माध्यम से प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने का अवसर मिलता ही है साथ ही अतिथि वक्ताओं को भी कुछ नए पहलुओं के बारे जानकारी मिलती है।

अकादमी का परिवेश स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है, मुझे आशा है कि स्वास्थ्य संबंधी इस अवसर का आप लाभ अवश्य उठाएंगे। इस क्रम में उन्होंने प्रतिभागियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 विषय पर कानूनों के विभिन्न पहलुओं पर गहनता से जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला तथा अभियोजन विभाग हरियाणा का आभार व्यक्त किया।




**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों का अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के साथ समूह चित्र। फोटो: हरिभूमि

# मूसलाधार बारिश से सड़कें जलमग्न, जलभराव से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में सोमवार को हुई बारिश से जहां जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया, वहीं निचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान हो गए। उधर, अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं भी भीगने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर तक आसमान साफ रहा। मगर दोपहर बाद अचानक आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। इस दौरान जिले में कहीं हल्की तो कहीं मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

यही नहीं कई निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। उधर, सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। इसके अलावा मंडियों में खुले में पड़ी गेहूं भीगने से किसान चिंतित दिखाई दिए आनन-फानन में किसानों ने गेहूं को बचाने के इंतजाम किए। आसमान में छाए बादल भी किसानों की चिंता बढ़ा रहे हैं।



### विधायक ने ग्रामीणों को दिया भरोसा

भाजपा से विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर गांव शादीपुर में आए थे। उन्होंने यहां जनता को आश्वासन दिया था कि खजूरी सड़क का टेंडर पास हो चुका है और जल्द ही इस सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा और पानी की निकासी भी कर दी जाएगी। लेकिन यह सारे वायदे जुमले साबित हुए और सोमवार दोपहर को हुई बरसात ने प्रशासन के दावों की पोल खोलकर रख दी। क्षेत्रवासियों ने कई बार इस मामले में प्रशासन से मांग कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने आज तक इस और ध्यान नहीं दिया। उन्होंने निगम प्रशासन और विधायक से इस संबंध में ध्यान दिए जाने की मांग की।

## बारिश की संभावना, रात को पड़े ओले

**जींद**। जिले मे बीती रात गरज तथा चमक के साथ बारिश तथा कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। बारिश के साथ चली तेज हवा से मंडियों में गेहूं पर डाले गए तिरपाल उड़ गए और लाखों क्विंटल गेहूं भी भीग गया। सोमवार दोपहर बाद भी बारिश के आसार बने, लेकिन बारिश नहीं हुई। जिले में औसतन 10 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश पिल्लूखेडा खड मे 19 एमएम दर्ज की गई। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम भी सुहाना बना रहा। सोमवार का अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आद्रता 70 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने सात जुलाई तक कहीं-कहीं बारिश की सभावना जताई है, रात को पिल्लूखेड़ा में बारिश के साथ ओले पड़े।

## खबर संक्षेप



### तरन्नुम हेड गर्ल और गजेंद्र ने हेड ब्वायज की संभाली जिम्मेदारी

**रादौर**। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में सोमवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समिति प्रधान रंजना गोयल व महासचिव संजीव अग्रवाल ने छात्र परिषद के सदस्यों को उनके पद सौंपकर उनकी जिम्मेदारी की शपथ दिलाई। प्राचार्या रीतू सिंगला ने कहा कि छात्र परिषद में सम्मिलित छात्रों में न केवल नेतृत्व कौशल, अनुशासन, सामूहिक निर्णय क्षमता व उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है बल्कि स्कूल गतिविधियों में भी सहयोग करने से उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। दूसरे विद्यार्थियों को उससे प्रेरणा मिलती है। छात्र परिषद में बारहवीं कक्षा के गजेंद्र को हेड बॉय व तरन्नुम को हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं ऋग्वेद हाउस में दसवीं कक्षा की मिल्ली को कप्तान व आठवीं कक्षा की चाहत को उप कप्तान, सामवेद हाउस में बारहवीं की रमनदीप को कप्तान व महक को उपकप्तान, यजुर्वेद हाउस में दसवीं की भाविका को कप्तान व निखिल को उपकप्तान व अथर्ववेद हाउस में बारहवीं की गरिमा को कप्तान व दसवीं की रवलीन को उपकप्तान बनाया गया। मुख्य अतिथियों ने बैज लगाकर उनका पद सौंपा व उन्हें उनकी जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई।

## निगम ने की शुरू की प्रक्रिया, जल्द होगी रेहड़ियां शिफ्ट

# वेंडिंग जोन में शिफ्ट होंगी रेहड़ियां जाम मुक्त होंगी शहर की सड़कें

जगाधरी की गणेश मार्केट के वेंडिंग जोन में 196 प्रकाश चौक में 44 मॉडल टाउन जब्बी वाला गुरुद्वारा के जनदीक 96 पथ विक्रेता किए जाएंगे जल्द ही शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुनानगर

शहर की सड़क किनारे खड़ी रेहड़ियों को जल्द नगर निगम द्वारा बनाए स्ट्रीट वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाएगा। इसको लेकर निगम ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन रेहड़ी विक्रेताओं को सेक्टर 17 के पास गणेश मार्केट के पास बने वेंडिंग जोन, प्रकाश चौक व मॉडल टाउन में जब्बी वाला गुरुद्वारा के नजदीक बने स्ट्रीट वेंडिंग जोन में बूथ अलॉट किए गए है। अब इन्हें शिफ्ट करने की निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही सभी रेहड़ी विक्रेता इन जोन में शिफ्ट होंगे।

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि यमुनानगर व जगाधरी की विभिन्न सड़कों व बाजारों पर रेहड़ी विक्रेता खड़े होकर सब्जी, फलए फास्ट फूड व अन्य सामान बेचते है। इससे मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर की सड़कों पर रेहड़ी अर्थात पथ विक्रेताओं को शिफ्ट करने के लिए निगम द्वारा सेक्टर 17 के नजदीक गणेश मार्केट, जगाधरी के प्रकाश चौक व मॉडल टाउन के जब्बी वाला गुरुद्वारा के नजदीक स्ट्रीट वेंडिंग जोन बनाए गए है।

गणेश मार्केट स्थित वेंडिंग जोन में 196, प्रकाश चौक पर 44 व जब्बी वाला गुरुद्वारा के पास बने वेंडिंग जोन में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए 96 बूथ स्ट्रीट वेंडर्स के लिए तैयार है। तीनों वेंडिंग जोन में पार्किंग, पानी, लाइट, शौचालय व अन्य व्यवस्थाएं की गई है। बूथ के ऊपर बारिश व धूप से बचने के लिए शेड बनाए हुए है।

जिनके नीचे खड़े होकर स्ट्रीट वेंडर्स अपना सामान बेच सकेंगे। पेयजल के लिए वेंडिंग स्थल पर नलों की व्यवस्था है। वेंडिंग जोन में कचरा डालने के लिए कूड़ेदान की व्यवस्था है। पास में ही शौचालयों की व्यवस्था की गई है। इनके अलावा पार्किंग की भी व्यवस्था है। निगम द्वारा प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अंतर्गत जिन स्ट्रीट वेंडर्स अर्थात रेहड़ी फड़ी वालों के स्ट्रीट वेंडिंग सर्टिफिकेट व लाइसेंस बने है।

उन्हें वेंडिंग जोन के नियमों के अनुसार बूथ अलॉट किए गए थे। अब इन्हें शिफ्ट करने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। जल्द ही शहर की सड़कों से सभी वेंडर को शिफ्ट कर दिया जाएगा।



यमुनानगर। मॉडल टाउन में जब्बी वाला गुरुद्वारा के पास बना वेंडिंग जोन।



यमुनानगर। व्यासपुर के समाधान शिविर में समस्याएं सुनते एसडीएम।

### समाधान शिविर में पहुंची चार समस्याएं, मौके पर ही कर दिया समाधान

■ बिलासपुर एसडीएम ऑफिस में समाधान शिविर आयोजित

**यमुनानगर**। व्यासपुर स्थित एसडीएम कार्यालय में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में चार शिकायतें प्राप्त हुई। जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शिविर एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार उपमंडल स्तर सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे हैं।

समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं, पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो वह शिविर में लाई जा सकती है। जिन समस्याओं के मौके पर ही निदान संभव होता है उनका समाधान किया जा रहा है व अन्य समस्याओं के मामलों में यथाशीघ्र एक्शन लेते हुए निर्धारित समय में समाधान के निर्देश दिए जाते हैं।

इस मौके पर खंड विकास पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान, बिजली विभाग के एसडीओ रामकुमार, तहसीलदार दलजीत सिंह व कुलदीप सिंह, सीडीपीओ किरण बाला, पब्लिक हेल्थ विभाग से जेई राजबीर, पंचायती राज विभाग से ग्राम सचिव प्रदीप कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अजय, आशुलिपिक राजीव व व्यासपुर के एमआरसी राजेश कुमार मौजूद रहे।



# पानी पर ओछी राजनीति नहीं करे पंजाब सरकार: दिलबाग

■ भाखड़ा का पानी बंद करने के विरोध में इनेलो का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ताओं ने पंजाब सरकार द्वारा भाखड़ा डैम से हरियाणा का पानी बंद करने के विरोध में सोमवार को जिला सचिवालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। इनेलो कार्यकर्ताओं ने पंजाब सरकार व भगवंत मान के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद इनेलो कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश का राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पंजाब सरकार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

सोमवार सुबह इनेलो के सैंकड़ो सदस्य पूर्व विधायक दिलबाग सिंह व राष्ट्रीय प्रवक्ता अश्वनी दत्ता के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हुए व प्रदर्शन करने लगे। काफी देर तक इनेलो कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला सचिवालय पहुंचकर पीएम व राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक दिलबाग सिंह ने कहा कि पानी जैसे संवेदनशील मुद्दे पर पंजाब सरकार को ओछी राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीने का पानी इंसान और पशु को पहले और फिर खेती के लिए बाद में चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर पंजाब सरकार को पुनः विचार करना चाहिए और हरियाणा को पानी देना चाहिए। मौके पर इनेलो के राष्ट्रीय प्रवक्ता अश्वनी दत्ता ने कहा कि पंजाब सरकार का यह फैसला अमानवीय है और इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ओछी राजनीति कर रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान दिल्ली विधानसभा में हुई करारी हार का बदला ले रहें है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बीबीएमबी के आदेश की अवहेलना नहीं कर सकती है। पहले भी चारों राज्यों को पानी मिलता रहा है। दत्ता ने कहा कि आज 4500 क्यूसेक पानी हरियाणा को दिया जा रहा है। जबकि इससे पहले दस हजार क्युसेक पानी दिया गया है। हरियाणा के पांच जिलों में पानी की भारी किल्लत हो रही है। पानी के इस मुद्दे पर हरियाणा की जनता की लड़ाई के लिए हम भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि इस मुद्दे पर प्रदेश की भाजपा सरकार विशेष सत्र बुलाए। मौके पर सुरेश शर्मा, अशोक कुमार मौजूद रहे।



### पूर्व सीएम के जन्मदिन पर काटा केक

**रादौर**। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के जन्मदिवस पर सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज के नेतृत्व में केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री की लंबी आयु व स्वस्थ जीवन की कामना की। मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने कहा कि मनोहरलाल के कार्यकाल में युवाओं को निष्पक्ष तौर पर नौकरियां दी गई। बीपीएल कार्ड सेवा, आयुष्मान सेवा जाति के आधार पर बनाए जाने की बजाय आर्थिक तौर पर सभी जातियों के लोगों के बनाए गए। क्योंकि गरीब लोग हर जाति में होते हैं। उन्होंने प्रदेश में वृद्धों की पैंशन सम्मान बढ़ाने का काम किया। वहीं मनोहर सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने का काम किया। भाजपा सरकार ने हर जाति के लोगों के लिए कार्य किया है।

# हर स्वस्थ व्यक्ति करे रक्तदान : कंवरपाल

■ केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजन

■ पूर्व केबिनेट मंत्री कंवरपाल ने किया शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भाजपा के जगाधरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिन के अवसर पर पंजाबी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 113 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया।

शिविर में चिकित्सकों द्वारा रक्तदाताओं से 113 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं समेत हरियाणा सरस्वती हैरिटेज बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह ने भी रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में शुरु की गई बिना खर्ची व बिना पर्ची के नौकरियां देने जाने की नीति की पूरे देश में सराहना की जा रही है। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। हर समस्या का कुछ न कुछ विकल्प ढूंढ निकाला गया है। लेकिन ब्लड का कोई विकल्प नहीं है। खून की कमी को केवल ब्लड डोनेशन के द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। जब ब्लड बैंक में रक्त होगा। तभी लोगों की जिंदगी भी बचाई जा सकती है। रक्तदान करने से शरीर में उर्जा आती है और नए रक्तकोष बनते हैं। जिससे शरीर में तंदरूस्ती आती है। पूर्व मंत्री ने कहा कि शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है और हृदय रोग, कैंसर जैसे बीमारियों का खतरा कम होता है। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि रक्तदान को महादान भी कहा जाता है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, मंडल अध्यक्ष व पार्षद प्रियंक शर्मा, मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल,मंडल अध्यक्ष जगाधरी ग्रामीण कृष्ण खदरी, मंडल अध्यक्ष प्रतापनगर अमित कुमार व पार्षद अंकित गोयल मौजूद रहे।



जगाधरी के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते निदेशक।

### राष्ट्रीय बूटकैंप में किया विद्यार्थियों का व्यवहारिक ज्ञानवर्धन

**रादौर**। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में सोमवार को पांच दिवसीय राष्ट्रीय बूटकैम्प का आयोजन किया। सैद्धांतिक नींव को व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ मिश्रित करके बूटकैम्प ने प्रतिभागियों को ड्रोन प्रणालियों के तकनीकी और उद्यमिता पहलुओं से सीधा परिचय कराया। सत्रों ने न केवल उनकी तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाया, बल्कि स्टार्टअप्स, शोध और नवाचार में रुचि को भी लिली देवान कुरूक्षेत्र ने ड्रोन आर्किटेक्चर, हवाई सुरक्षा व उड़ान सिमुलेशन पर सत्र दिए। महेश पाल कुरुक्षेत्र ने हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग और मशीन लर्निंग अनुप्रयोगों पर जानकारी सांझा की। वीजीडी रायडू कुरुक्षेत्र ने नियंत्रण प्रणालियों और रोबोटिक्स में एम्बेडेड इंटीग्रेशन पर चर्चा की। मोहित दुग्गल और रितु गर्ग ने पायथॉन का उपयोग करके एआई प्रोग्रामिंग पर कार्यशालाएँ आयोजित की। सत्येंद्र ने आईओटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और रीयल-टाइम डेटा प्रणालियों का परिचय कराया। शेलजा दुआ व संजय ने ड्रोन असेंबली और हार्डवेयर कैलीब्रेशन पर हैंड्स-ऑन सत्रों का संचालन किया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने रोबोटिक्स के लिए उत्कृष्टता केंद्र और आयोजन टीम की सराहना की, जिन्होंने एक ऐसा मंच प्रदान किया जो न केवल शैक्षिक नींव को मजबूत करता है, बल्कि उद्यमिता सोच और नवाचार-प्रेरित अध्ययन को भी बढ़ावा देता है। मौके पर डॉ.गौरव, डॉ.एलएस रीन, डॉ.विकास जुनेजा व कपिल देव इत्यादि मौजूद रहे।

# पारदर्शी होंगे हरियाणा एक्स सर्विसेज लीग के चुनाव: दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



■ 15 जून तक अपडेट होंगी मतदाता सूची : कैप्टन एआर दहिया

हरियाणा एक्स सर्विसेज लीग के संभावित चुनाव आगामी सितंबर में किए जाएंगे। इसके लिए लीग द्वारा मतदाता सूची को अपडेट करने की 15 जून तिथि निर्धारित की है। निर्धारित अवधि तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष एआर दहिया ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि लीग की प्रांतीय कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी चुनाव सितंबर 2025 में प्रस्तावित हैं। चुनाव को पूरी पारदर्शिता से करवाया जाएगा। चुनाव को लेकर लीग द्वारा मतदाता सूची को अपडेट किया जा रहा है। मतदाता सूची 15 जून तक अपडेट होंगी। निर्धारित अवधि में लीग का कोई भी सदस्य अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। कैप्टन दहिया ने बताया कि निर्धारित अवधि के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी सदस्य की आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रदेश उपप्रधान एआर दहिया ने बताया कि लीग द्वारा सामाजिक वेलफेयर के कार्य किए जा रहे हैं। लीग द्वारा सदस्यों को पैंशनर्स का लाभ दिलवाए जाने में मदद के अलावा वार विडो समेत अन्य लीग के सदस्यों की समस्याओं का निपटान करवाए जाने के अलावा सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। कार्यकारिणी के चुनाव से पहले जिलास्तर पर डेलीगेटस का चुनाव होगा। उन्होंने लीग के सभी सदस्यों से मतदाता सूची में अपना नाम अपडेट करवाए जाने के लिए आहवान किया।



### संजीव कंबोज बने रोडवेज कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

**यमुनानगर**। हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संजीव कंबोज को प्रधान चुना गया। वरिष्ठ उप प्रधान साहब सिंह, उप प्रधान ज्ञान सिंह, सचिव योगेश कुमार, सह सचिव बृजपाल एवं इंद्रजीत, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, ऑडिटर योगेश कुमार, सचिन व रवि कुमार को और प्रदीप व रजनीश कार्यकारिणी सदस्य बने। प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला, उपाध्यक्ष नरेश बालू, कृष्ण नोहरा, रोशन लाल शर्मा, जिला भारतीय मजदूर संघ से जिला अध्यक्ष आशीष धीमान, जिला मंत्री राज ठाकुर इत्यादि उपस्थित रहे।

## श्रीहंस ज्योति मंदिर में सद्भावना संत सम्मेलन का आयोजन

# जीवन में साधु-संगत का बड़ा महत्व: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अखिल भारतीय एवं सामाजिक संस्था मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में शहर के श्री हंस ज्योति मंदिर में सद्भावना संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सतगुरु देव सतपाल महाराज की आत्म अनुभवी साध्वी सुबोधिनी बाई, चतुर्वेदी बाई, गरिमा बाई, रतनावली बाई व बंदना बाई ने साध संगत को संधु की संगत के महत्व को बताया।

साध्वी चतुर्वेदी बाई ने फरमाया कि जब परमपिता परमात्मा किसी जीव पर कृपा करता हैं और वह अपने नजदीक लाना चाहते हैं तो सबसे पहले उसको साधु संगत देते हैं। उन्होंने बताया कि सिख धर्म में साधु संगत का बड़ा महत्व बताया गया है । साधु संगत ऐसी संगत है जहां बुराइयों से छुड़ाकर व्यक्ति को भगवान से प्रेम करना, भगवान की भक्ति करना, भगवान का भजन, अभ्यास करने की प्रेरणा मिलती है। जब भगवान की भक्ति की प्रेरणा मिलती है तब हम सारे अशुभ कर्मों से छूट जाते हैं । हमें उन सारी गलतियों से छुटकारा मिल जाता है । क्योंकि हम प्रभु का भजन करते हैं। इसलिए गुरु नानक देव जी ने कहा है कि नाम का जाप करो, भगवान का भजन करो, कीर्तन करो और वंड छक और भंडारे का जो भोजन होता है उसको प्राप्त करो। उन्होंने सबसे पहले हमारे साधु संतों ने गुरु का बड़ा महत्व बताया। गुरु महाराज के वचन रवि की करनी करते हैं। रात को हर कमरे में हर घर के अंदर बत्ती जलाई जाती है। इतना करने के बाद भी रात्रि का अंधकार दूर नहीं होता है। एक सूरज निकलता है सारा अंधकार दूर हो जाता है और संसार जाग जाता है। सूरज की रोशनी जब पेड़ों के हरे पत्तों पर पड़ती है तो क्लोरोफिल के कारण फोटोसिंथेसिस होता है। जिससे कार्बन डाइऑक्साइड दूषित हवा ऑक्सीजन में परिणित होती है तो सूरज से हमें प्राण वायु मिलती रहती है। ऐसे ही सच्चे गुरु की शरण में जाने से हमारे जीवन में भी प्रकाश हो जाता है। साध्वी रतनावली बाई ने कहा कि हम परमात्मा को मान लेते हैं परंतु जानते नहीं। यदि हम मान लें हमने खाना खा लिया क्या हमारी भूख मिट जाएगी। मान लेने से हमारी भुख समाप्त नहीं होगी। मान लेने से हम धनवान नहीं बनेंगे। वैसे ही परमात्मा के मानने से परमात्मा की अनुभूति नहीं होगी। परमपिता परमात्मा को सच्चे गुरु की क्षण में जाकर प्रैक्टिकल बोध करना होगा। जब समय का सदगुरु जीव को परमात्मा के सच्चे नाम वह रूप का दीदार करा देता है तो भगवान का ज्ञान हो जाता है। विवेकानंद महाराज अनेक गुरुओं की शरण में गए। परंतु रामकृष्ण परमहंस ने उन्हें परमात्मा का बोध कराया। साध्वी गरिमा व बंदना ने भी अपने सत्संग एवं भजनों से साध संगत को आनंद विभोर कर दिया । बाद में भोजन प्रसाद ग्रहण किया । इस मौके पर प्रधान अजब सिंह, पवन गोयल,नौरती राम,राहुल चौधरी, अमित भारती ,विशाल, डॉक्टर संतोष,डॉक्टर मनीष, प्रदीप कुमार, जय सिंह फौजी, बलबीर सिंह,सतपाल सिंह ,बलिंदर सिंह, पाल सिंह, रामप्रकाश,मीना देवी, शिमला देवी, सुमन देवी, राजबाला, निशावती व कोमल आदि मौजूद रहे।





## खबर संक्षेप



### कुवि कुलसचिव ने किया देवी हॉस्टल का निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के देवीलाल हॉस्टल में औचक निरीक्षण किया व हॉस्टल में छात्रों के साथ बैठकर दोपहर का लंच भी किया। इस अवसर पर उनके साथ चीफ वार्डन प्रो. जसबीर ढांडा भी मौजूद थे। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के साथ-साथ उनको हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कुवि कुलपति ने किया पुस्तक का विमोचन

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के पूर्व कुलसचिव व कुवि के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग प्रोफेसर अवनेश वर्मा की अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक डाटा रिकवरी टेक्निक्स फॉर कंप्यूटर फोरेंसिक का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उनको इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी और इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा के साथ शुभकामनाएं प्रेषित की।

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्रों की बैठक आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र से अपनी शिक्षा पूर्ण कर वर्तमान में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे पूर्व छात्रों की एक अहम बैठक गुरुकुल परिसर में हुई। इनमें डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, फौजी, उद्यमी और सरकारी विद्यालयों में सेवाएं प्रदान कर रहे अध्यापक शामिल रहे।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

# किसी व्यक्ति के बहुमूल्य जीवन को बचा सकती है रक्त की एक बूंद : सुभाष सुधा

123 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश व आमजन के लिए रक्तदान महान कार्य है। किसी भी अनजान व्यक्ति के बहुमूल्य जीवन को बचाने में रक्त की एक-एक बूंद अहम भूमिका अदा कर सकती है। रक्तदान एक बेहद पुण्य का कार्य है। इस पुण्य कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को तत्पर रहने की जरूरत है। इस कार्य में दूसरों का जीवन बचाने के लिए युवा वर्ग बढ़चढ़ आगे आया है। इसका सबसे बड़ा कारण युवाओं के लिए नौकरियों में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल द्वारा बिना खर्ची-पर्ची के मेरिट के आधार पर नौकरी देना है। युवाओं में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के लिए काफी पसंदीदा बने हुए हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को अपने आवास कार्यालय सेक्टर 7 में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, नप चेयरमैन माफी ढांडा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, पूर्व नप अध्यक्षा उमा सुधा ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से रक्तदान शिविर का शुभांरभ किया। इस रक्तदान शिविर में 123 लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल को 71वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश का अनेक योजनाओं को लागू करते हुए विकास कार्य करवाएं हैं। इनमें सबसे बड़ा कार्य रोजगार के क्षेत्र में किये गये परिवर्तन का रहा है। युवाओं को सरकारी क्षेत्र में मेरिट के आधार पर नौकरी दी है। इस नीति के बाद युवाओं ने कोचिंग सेंटर और पुस्तकालयों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए किताबों को अपना नजदीकी बना है। किताबों से लिया हुआ ज्ञान व्यक्ति को सफलता तक लेकर जाता है। साथ की कौशल रोजगार निगम का गठन कर मेरिट के आधार पर रोजगार मुहैया करवाया है। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हरियाणा एक हरियाणवी एक और सबका साथ सबका विकास का नारा दिया। इसके तहत पूरे प्रदेश का समान विकास करवाया गया। किसी भी हलके के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। प्रदेश के किसी भी कोने के साथ भेदभाव नहीं किया। जिसका परिणाम ये रहा कि तीसरी बार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। उन्होंने हर वर्ग के लिए योजनाएं तैयार की और उन्हें धरातल पर लागू किया। परिवार पहचान पत्र की योजनाएं लाकर योजनाओं को ऑनलाइन व्यवस्था के साथ जोड़ा। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल की सोच के कारण ही बुजुर्गों की 60 वर्ष पूरे होते घर बैठे पेंशन लागू की जा रही है।




कुरुक्षेत्र। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : सुमन सैनी

*बाबैन के किसान रैस्ट हाऊस में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने बतौर मुख्यमंत्री शिरकत की तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि मनोहर लाल का नाम प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्रियों में आता है। प्रदेश की राजनीति में युवा वर्ग के लिए बिना खर्ची पर्ची के रोजगार देना सबसे बड़ी उपलब्धियों में है। पहले के मुख्यमंत्री एक क्षेत्र तक सीमित रहते थे लेकिन मनोहर लाल ने प्रदेश के हर क्षेत्र में सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य किया।*

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, पार्षद सुधीर चुघ, पार्षद सतीश गर्ग, पार्षद मनिंद्र छिंदा, पार्षद कवि बजाज, टोनी मदान, राम मेहर शास्त्री महिन्द्र मेहता, दरबारा सैनी, मुलखराज अनेजा, सचिन यादव, गगन कोहली, पार्षद कमल किशोर, विवेक रावत, नरेन्द्र जांगडा, नरेश सैनी आदि उपस्थित थे।

## 63 दिव्यांग विद्यार्थियों को बांटे कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण



- समग्र शिक्षा विभाग ने किया उपकरणों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

समग्र शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 8 में जिले के चयनित 63 दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें एक नेत्र बाधित छात्रा को विशेष मोबाइल फोन, एक विकलांग छात्र को ई -त्रिपहिया वाहन एवं अन्य सभी दिव्यांग छात्रों को पूर्व में डॉक्टर टीम द्वारा जांच करके प्रमाण पत्र वितरण किए गए और उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण का अनुमोदन किया गया। इनका वितरण आज समग्र शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला परियोजना समन्वयक संतोष चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांग बच्चे आज हर क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, केवल उनको उचित शिक्षा ,अवसर और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। प्राचार्या सुनीता ने कहा कि दिव्यांग बच्चे पैरा ओलंपिक खेलों मे मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे है। राजकीय माध्यमिक विद्यालय की मुखिया सुखवीर कौर व मुख्य अध्यापिका उषा देवी ने कहा कि आज समाज का हर वर्ग इन बच्चों के साथ तन मन धन से खड़ा हैं।

#### *ये रहे मौजूद*

*इस अवसर पर मीनल शर्मा, आस्था, प्रभा, रेणुका, ज्योती, बिजेंद्र, अनुज, हरी शंकर मिश्रा, पवन पांडेय, सुनील, राजेश, ऋषिपाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग दिया।*

### प्राचार्या पूजा छाबड़ा को शिक्षामंत्री ने नवाजा



**लाडवा।** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा को आउटस्टैंडिंग लीडरशिप इन एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। पानीपत इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पानीपत द्वारा एक प्रोग्राम आयोजित किया गया। अध्यक्षता हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा की गई।

## माता बगलामुखी जयंती के पावन पर्व पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

मां बगलामुखी जयंती के पावन पर्व पर मां पीतांबरा पीठ बगलामुखी धाम धनीरामपुरा में हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत महात्माओं द्वारा मां बगलामुखी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जयंती पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। बगलामुखी धाम के महंत भीमपुरी महाराज ने कहा कि मां बगलामुखी 10 महाविद्याओं में से एक है इनकी उत्पत्ति सौराष्ट्र के हरिद्रा नामक सरोवर से मानी जाती है, इन्हें पीतांबरा के नाम से भी जाना जाता है। समारोह में पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज, संगमेश्वर महादेव मंदिर के व्यवस्थापकमहंत विश्वनाथ गिरी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, महंत दामोदर गिरी, स्वामी खटवांग पुरी, स्वामी चमन गिरी, थानापति धीरज पुरी, महंत विवेक पुरी, शिवसेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता पटियाला आदि मौजूद रहे।





### पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम प्री-स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के अवसर पर अभिभावक-शिक्षक साझेदारी सुदृढ़ करने हेतु भव्य पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता-पिता की सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में 60 से अधिक अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पद्धति, पाठ्यक्रम रचनात्मक गतिविधियाँ तथा गतिविधि-आधारित लर्निंग मॉडल के लाभों से अवगत कराया गया।

## शिक्षा एवं संस्कार का अनूठा संगम है वात्सल्य वाटिका: राजकुमार मक्कड़


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका में मनाया स्थापना दिवस

ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका में सोमवार को 21वां स्थापना दिवस आयोजित गया। जानकारी देते हुए वात्सल्य वाटिका के सचिव कृष्ण पांचाल ने बताया कि संस्थापक व संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के मार्गदर्शन में 5 मई 2005 को 5 बच्चों से शुरू की गई इस वाटिका में अब तक हजारों विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। कार्यक्रम में डिसेबिलिटी हरियाणा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार मक्कड़ मुख्य अतिथि, प्राध्यापक संजय कौशिक,कला परिषद हरियाणा कुरुक्षेत्र के निदेशक नागेंद्र शर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सैनी विशिष्ट अतिथि रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रदीप सैनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने कहा कि वात्सल्य वाटिका शिक्षा एवं संस्कार का अनूठा संगम है। कार्यक्रम में संत राजेंद्र सिंह, उपप्रधान ओम प्रकाश मित्तल, सुरेश जोशी, डॉ.पवन गुप्ता, डॉ. सुतेन्द्र गौड़, डॉ.ललित, डॉ.माणिक, गुलाब सिंह आदि रहे।



### विद्यार्थियों ने मार्कंडेय ऋषि के किए दर्शन

**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर के कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने मार्कंडेय ऋषि के दर्शन किए। प्रधानाचार्य निशा गोयल ने बच्चों को भ्रमण के लिए रवाना किया। बच्चों ने मार्कंडेय ऋषि,राम दरबार के भव्य दर्शन किए। आचार्य अदिति और अंजना ने उन्हें मार्कंडेय ऋषि की कथा बताई। पंडितजी द्वारा उनको लड्डू और हलवे का प्रसाद देकर शुभ आशीर्वाद दिया गया। बच्चे बहुत प्रसन्न हुए। तत्पश्चात उन्होंने पार्क में झूला झूल कर आनंद का अनुभव किया। वहां उपस्थित लोगों ने बच्चों के अनुशासन को देखकर उनकी बहुत प्रशंसा की। आचार्य अदिति अंजना द्वारा बच्चों को शिव के सुंदर भजन सुनाएं गए व बच्चों ने भी उनके साथ सस्वर वाचन किया। विद्यालय की ओर से बच्चों को जलपान करवाया गया। बच्चों ने इस भ्रमण का खूब आनंद लिया।

### केंद्रीय मंत्री के जन्मदिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**पिहोवा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे ने आज पिहोवा के रामलीला मैदान में मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान कैंप में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि प्रवीण अत्रे ने दीप प्रजलित कर रक्तदान कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी रक्तदानियों को बैज लगाकर उन्हें रक्तदान के प्रति प्रेरित किया और उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्री ने कहा कि मनोहर लाल का नाम प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्रियों में आता है। प्रदेश की राजनीति में युवा वर्ग के लिए बिना खर्ची पर्ची के रोजगार देना सबसे बड़ी उपलब्धियों में है। पहले के मुख्यमंत्री एक क्षेत्र तक सीमित रहते थे लेकिन मनोहर लाल ने प्रदेश के हर क्षेत्र में सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य किया। इससे पूर्व नगर पालिका के अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र पप्पू ढींगरा, डीडी शर्मा के सुपुत्र विंकल शर्मा, पार्षद फूल सिंह पाल, रविकांत कौशिक, संजीव चोपड़ा, जयपाल कौशिक, कुलदीप छतरी वाला, राकेश पुरोहित, कर्मपाल शर्मा, हननु चक्रपाणि सहित अनेक कार्यकतार्ओं व गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं से मुख्य अतिथि प्रवीण अत्रे का स्वागत किया।




**पिहावा।** रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे व अन्य।




### सामूहिक कल्याण की आवश्यकता पर दिया बल

**शाहबाद।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, शाहाबाद मारकंडा द्वारा निजी होटल में जी.टी. रोड पर प्रथम पारिवारिक सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पारिवारिक एकता और अंतर-पीढ़ी संवाद का एक अनूठा उदाहरण रहा। चंदर मोहन कोहली, अध्यक्ष एसोसिएशन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा अपने संबोधन में पारिवारिक मूल्यों की महत्ता और सामूहिक कल्याण की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन का उद्देश्य हम एक परिवार पूरे कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई, जिससे एकता और अपनत्व की भावना को मजबूती मिली। इस अवसर की विशेष बात यह रही कि युवा पीढ़ी ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया और वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर इस आयोजन को एक पारिवारिक उत्सव का रूप दे दिया। अमरनाथ शर्मा ने मंच का संचालन अत्यंत कुशलता व गरिमा के साथ किया, जिससे कार्यक्रम की गतिविधियाँ अत्यंत सुव्यवस्थित और प्रभावशाली रही। एसोसिएशन इस प्रथम पहल की सफलता के लिए सभी परिवारों एवं सहभागियों का हृदय से आभार प्रकट करती है। यह सम्मेलन इस बात का प्रतीक रहा कि जब पीढ़ियां साथ आती हैं, तो परंपराएं जीवित रहती हैं और संबंध और अधिक सशक्त बनते हैं।

### हरियाणा का पानी रोकने के विरोध में प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोकने के विरोध में इनेलो कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय समक्ष प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन से पूर्व इनेलो कार्यकर्ता पंजाबी धर्मशाला में एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी ने कहा कि इनेलो पार्टी हरियाणा के किसानों के लिए किसी भी स्तर तक लड़ाई लड़ेगी। पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने भी जल युद्ध किया था। इसके बाद चौधरी अभय सिंह चौटाला ने भी एसवाईएल के पानी के लिए लगातार संघर्ष किया है। इनेलो पार्टी केंद्र सरकार से मांग करती है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और बीबीएमबी के फैसले के अनुसार हरियाणा को उसके हक का पानी दिया जाए। ताकि प्रदेश में सिंचाई व पेयजल के लिए पानी की कमी न रहे। कहा कि पानी नियंत्रण कक्ष पर ताला लगाना और पुलिस तैनात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। पंजाब सरकार को संघीय ढांचे का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर इनेलो जिलाध्यक्ष बूटा सिंह लुखी, थानेसर हलका अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच, इनेलो नेत्री तनुजा, मान सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते इनेलो कार्यकर्ता।



**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता द्वारा आयोजित ब्रह्मसरोवर की परिक्रमा का दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करते हुए श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्घार सभा के प्रधान यशेन्द्र शर्मा।

### ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा में शामिल हुए श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा आयोजित की गई। सर्वेश्वर महादेव के सामने से इस परिक्रमा का शुभारंभ श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्घार सभा के प्रधान यशेन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। यशेन्द्र शर्मा ने कहा कि गीता मनीषी जी की प्रेरणा से गीता का घर-घर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आज विदेशों में भी गीता की गूंज सुनाई पड रही है और इसका श्रेय स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज को जाता है। परिक्रमा में अंतर्राष्टीय गीता महोत्सव प्राधिकरण के सदस्य विजय नरुला, डा. राजेश अत्री, प्रवीण गुप्ता, धर्मपाल शर्मा, विनोद शर्मा, पवन भारद्वाज, राजू, नवीन भारद्वाज, जोगिन्द्र शर्मा, तरुण धमीजा, रिदम शर्मा, रामकुमार शर्मा, रामाकांत शर्मा, केसी कत्याल, कविता धवन, मनीक्षी नरुला, विजय कुमार, अनिल शर्मा, अशोक अरोड़ा, लक्ष्मणदास, विवेक शर्मा, पवन शर्मा, अरविंद जिंदल, मुनीष खुराना, राजीव बंसल और वेद प्रकाश धवन सहित अनेक श्रद्घालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम | जयपुर में 4 दिवसीय नेशनल फेडरेशन कप चैंपियनशिप का आयोजन

## एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा के खिलाडियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरियाणा की ओर से भी 49 खिलाडियों ने विभिन्न स्पर्धाओं ने कुल 75 पदक जीतकर द्वितीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा के खिलाडियों ने जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में परचम लहराया। एसोसिएशन के महासचिव सतविंदर सिंह ने बताया कि जयपुर में 4 दिवसीय नेशनल फेडरेशन कप चैंपियनशिप 2025 आयोजित की गयी जिसमें हरियाणा की ओर से भी 49 खिलाडियों ने मास रेसलिंग व बेल्ट रेसलिंग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में न केवल भाग लेकर हरियाणा का नाम रोशन किया बल्कि इस नेशनल चैंपियनशिप में 28 स्वर्ण, 24 रजत व 23 कांस्य पदकों के साथ कुल 75 पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और हरियाणा का परचम लहराया। हरियाणा के खिलाडी हरप्रीत पंजेटा ने इस चैंपियनशिप के माध्यम से 21 मई से 26 मई तक दिल्ली में आयोजित होने वाली एशियाई गेम्स के लिए भी अपना स्थान बनाया। एसोसिएशन के प्रधान राकेश खुराना ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि वैसे तो राष्ट्रीय स्तर पर किसी क्षेत्र के खेलों में प्रतिनिधित्व करना अपने आप में बहुत गर्व का विषय है और उस पर पदक हासिल करना सोने पर सुहागा जैसी बात है। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों व टीम मैनेजर की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षक वर्ग सभी खिलाडियों के साथ स्वयं बहुत मेहनत करते हैं जिसके परिणामस्वरूप उन खिलाडियों की खेल में रूचि तो बनती ही है और साथ ही वो उस खेल में महारथ भी हासिल करते हैं। एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट प्रधान अमित सिंघल ने भी खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि विजेता खिलाडियों ने न केवल अपना, अपने अभिभावकों का, अपने क्षेत्र का बल्कि पुरे हरियाणा का नाम रोशन किया है जिसके लिए सभी खिलाड़ी व प्रशिक्षक सराहना के पात्र हैं।




**लाडवा।** एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा के खिलाड़ी पद के साथ वह उपस्थित स्टाफ।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सीए तम्बोली, ओमरमुख्तार तम्बोली, शैलेन्द्र पाठक, संजीव जांगड़ा, नवल किशोर, संतोष खैरनार, अनूप सांगवान, सरदार करनैल सिंह, कोच अमित धारीवाल, रश्मि धारीवाल, टीम मैनेजर अमनदीप सिंह, अरविन्द पंजेटा, रामकरण, जोवर, युग्म, रवनीत, वीरेन, हरमन, मनीष, वणिका, जीविका व हरप्रीत सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी, खिलाडी व अभिभावक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नारायणगढ़ः समस्याओं का किया समाधान

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन प्रत्येक सप्ताह सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक किया जाता है। एसडीएम ने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने में किसी भी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दो दिन लगेगी बिजली अदालत

**नारायणगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार गोयल ने बताया कि बिजली निगम की ओर से उपभोक्ताओं की शिकायत के



समाधान के लिए दो दिन बिजली अदालत लगाई जा रही है जिसमें प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक अंबाला शहर बलदेव नगर में अधीक्षक अभियंता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला के कार्यालय में बिजली अदालत लगाई जाएगी। हर गुरुवार को सुबह 11 से दोपहर 1:00 बजे तक कार्यकारी अभियंता नारायणगढ़ के कार्यालय में भी बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ खुशीला के मार्गदर्शन में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र धींगड़ा की अध्यक्षता में वाणिज्य विभाग द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर मनीषा अरोड़ा असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स, राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर से रही। मुख्य वक्ता ने कहा कि कैसे एक व्यक्ति म्यूच्यूअल फंड्स में निवेश से अपनी रिटर्नस को बढ़ा सकता है। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को डीमेट अकाउंट एवं म्यूच्यूअल फंड्स की भी जानकारी दी।

## केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं ने दिखाया उत्साह

# पर्ची खर्ची के सिस्टम को मनोहर लाल ने किया था बंदः असीम गोयल

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल और पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान ने मुख्य रूप से शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन भाजपा ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर लगाकर केंद्रीय मंत्री का जन्मदिन मनाया। इसी कड़ी में अंबाला शहर में भी भाजपा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इसमें पूरे जिले से भाजपा कार्यकर्ता जोश और उत्साह के साथ रक्तदान करने पहुंचे। बता दें कि दोपहर तक इस रक्तदान शिविर में काफी संख्या में रक्तदाता रक्तदान कर चुके थे।



**अंबाला।** रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

### प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल और पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान ने मुख्य रूप से शिरकत की। पूर्व मंत्रियों ने रक्तदान कर रहे रक्तदाताओं से मुलाकात कर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि पर्ची खर्ची को खत्म करके मेरिट के आधार पर नौकरियां देने का व्यवस्था परिवर्तन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ही किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में परिवारवाद, भाई भतीजावाद, क्षेत्रवाद का बोलबाला था लेकिन पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आते ही हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा दिया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रुप में मनाया जा रहा है।

### मनदीप ने रक्तदाताओं का आभार जताया

इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने शिविर में आये सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के अवसर पर ब्लड कैंप आयोजित करने का उद्देश्य समाज में सेवा भाव का संदेश देना था। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है। क्योंकि यह एकमात्र ऐसी चीज़ है जिसे किसी फेक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। रक्तदान की अहमियत को समझते हुए सभी नागरिकों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान महामंत्री कर्मचंद गोल्डी सैनी, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, मंडल अध्यक्ष अमन सूद, गुरविंदर सिंह, गुरजंट सिंह, मनीष आंनद, धर्मबीर गुज्जर, विक्रम राणा, हरजिंदर पाल, संजीव सैनी, नीरज शर्मा, कुलदीप बड़ौला, डिंपल कृष्ण राणा, गुलशन डाबर, मेयर शैलजा सचदेवा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, शोभा पुनिया, मोनिका मल, बीनू गर्ग व भाजपा नेता संजीव गोयल टोनी, गुरप्रीत सिंह साहनी, जसविंदर उगाड़ा, अभय जैन, गुरजीत कश्यप व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## भगवंत मान स्टेज संभाल सकते हैं स्टेट नहीं, ये एक्सिडेंटल पॉलिटिशियन

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कसा तंज, कहा माता-पिता के किए की माफी मांग रहे राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने एक बार फिर पंजाब के सीएम भगवंत मान पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पानी रोककर न देने की जिद पर अड़े हुए पंजाब के सीएम भगवंत मान ने नंगल डैम पर ताला लगा दिया था। एक ही बात पर अड़े हैं कि हरियाणा को एक बूंद भी पानी नहीं देंगे। उन्होंने भगवंत मान को एक्सिडेंटल राजनीतिज्ञ और कॉमेडियन बता डाला। गोयल ने कहा कि भगवंत मान एक कॉमेडियन हैं। ये स्टेज तो संभाल सकते हैं मगर स्टेट नहीं। उन्होंने कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है। बाणी में पानी को पिता का दर्जा दिया गया है। पानी सभी के लिए है और पंजाब छोटे भाई का पानी रोक रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भाईचारा खराब कर रहे हैं। रोटी बेटी का रिश्ता है पंजाब से उसे सीएम खराब न करें।

### देश की मजबूती बर्दाश्त नहीं कर पा रही कांग्रेस

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एक 'खिलौना विमान' दिखाते हुए जिस पर राफेल लिखा हुआ है। उसमें नींबू-मिर्च लटकी हुई है कहा कि यह सरकार जो बहुत बातें करती है कहती है कि हम आतंकवादियों को कुचल देंगे राफेल लेकर आए, लेकिन वे अपने हैंगर में मिर्च और नींबू लटकाए हुए हैं। वे आतंकवादियों, उनका समर्थन करने वालों और उनके समर्थकों के खिलाफ कब कार्रवाई करेंगे?ₔ इस पर जवाब देते हुए असीम गोयल ने कहा कांग्रेस दो ही मोड में रहती है। एक वोट कैसे हथियाई जाए और दूसरा आकाओं को खुश कैसे किया जाए। राफेल आने से सुरक्षा की दृष्टि से मजबूती मिली है। यह उसे खिलौना दर्शा रहे हैं। कांग्रेस ने हर मोर्चे पर देश को कमजोर रखा है। इनसे देश की मजबूती बर्दाश्त नहीं हो रही। इन्होंने देश को पिट्ठू बनाकर रखा इसलिए ये अंट शंट बोल रहे हैं। इस दौरान असीम गोयल ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को भी आड़े हाथों लिया। 1984 के कत्लेआम पर राहुल गांधी के बयान को लेकर पूर्व मंत्री ने कहा कि पंजाब का चुनाव सिर पर है इसलिए वो ऐसे ब्यान दे रहे हैं। पश्चाताप कर रहे हैं। इनके पिता ने कहा था जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। नरसंहार को छोटा बताया गया था। राहुल गांधी आने वाले दिनों में दरबार साहिब में सेवा करते भी दिखेंगे। गोयल ने राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि अपने माता पिता के किए की माफी वो मांग रहे हैं लेकिन उनकी तो शादी भी नहीं हुई तो इनके किए की माफी कौन मांगेगा।

## छात्रों में पुस्तकों के प्रति प्रेम उत्पन्न करें शिक्षक

- शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शैमरॉक और शैमफॉर्ड स्कूल के दिल्ली स्थित मुख्यालय से आई वरिष्ठ प्रशिक्षक अंजू रामपाल ने अपने तीन दशक से अधिक के शैक्षिक अनुभव को सांझा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को इस तरह प्रशिक्षित करना था कि वे छात्रों में पुस्तकों के प्रति प्रेम उत्पन्न कर सके, साक्षरता दर को बढ़ा सके तथा पाठों के विश्लेषण के साथ-साथ बच्चों में सहानुभूति, सुनने की क्षमता और नवीन सोच जैसे गुण विकसित कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान अंजू रामपाल ने कहा कि समय के साथ शिक्षण प्रणाली में अनेक बदलाव आए हैं जिनका असर शिक्षकों पर भी स्पष्ट रूप से पड़ता है। उन्होंने इस सत्र में प्रभावी अध्यापक के गुण, शिक्षक-छात्र संवाद को बेहतर बनाने की कला, प्रेरणादायक शिक्षण विधियां, शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश और कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकतम सीखने के लिए उनके आसपास के वातावरण की प्रासंगिकता को समझना आवश्यक है।



**अंबाला।** कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

## स्ट्रीट लाइट के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष रजत मलिक की अध्यक्षता में नगर विकास से संबंधित एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव राजेश कुमार, नगरपालिका अभियंता प्रीतपाल सिंह, कनिष्ठ अभियंता भंवर सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शहर के सभी वार्डों में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रधान रजत मलिक ने अधिकारियों को स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाने, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोहड़ों और नालों की नियमित सफाई कराने तथा गलियों और नालियों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र में मच्छरों की रोकथाम हेतु फॉगिंग करवाने के भी आदेश दिए गए। मलिक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य शहर का सतत और संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। ताकि नगरवासियों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलती रहें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर पालिका आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है।



**अंबाला।** बैठक में भाग लेते हुए सदस्य।। *फोटोः हरिभूमि*



**अंबाला।** कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ व बच्चे। *फोटोः हरिभूमि*

## छात्र परिषद् के सदस्यों को दी पद व कर्तव्यों की औपचारिक जिम्मेदारी

- अकाल एकेडमी होली में इन्वेस्टिचर समारोह 2025 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अकाल एकेडमी होली में इन्वेस्टिचर समारोह 2025 का आयोजन गर्व और उत्साह के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद् के सदस्यों को उनके पद व कर्तव्यों की औपचारिक जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह में विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक नारों और नेतृत्व की शपथ के माध्यम से अपने संकल्प को व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों और विद्यालय प्रबंधन की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय प्रांगण में अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व की भावना से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला।

प्रधानाचार्य ने अपने प्रेरक संबोधन में नव-निर्वाचित छात्र नेताओं को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। इस समारोह का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व और आत्मविश्वास का विकास करना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने छात्र परिषद् को शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीसी ने मुख्यमंत्री को करवाया अवगत, कहा हर शासकीय योजना का लोगों को मिल रहा है लाभ

- सामाजिक सुरक्षा से एक महीने में 913 नए पात्रों को जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला में सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत एक अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक 913 नए पात्र लाभार्थियों को जोड़ा गया हैं।

इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के 601, विधवा एवं निराश्रित महिलाओं को पेंशन 98, दिव्यांग पेंशन 21, निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता 70, स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता 02, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता 16, विधुर व अविवाहित पेंशन 87 तथा कैंसर पीड़ित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता 18 शामिल हैं। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना व ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल व पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत निर्धारित मापदंडों की अनुपालना के तहत लाभार्थियों को इसका लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण के, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना व ई-क्षति पूर्ति पोर्टल तथा आगजनी के चलते प्रभावित किसानों की फसलों से संबधित मुआवजा राशि के पात्र लाभर्थियों को ऑनलाईन राशि स्थानांतरित करने का काम किया। इस मौके पर उनके साथ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी व अन्य उच्च प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की सोच की भावना को ध्यान में रखते हुए गरीब व्यक्ति को कैसे लाभ पहुंचाया जा सके तथा उसके परिवार को किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से उनके लिए योजनाएं लागू कर उनका लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण के, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना व ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल तथा आगजनी के चलते प्रभावित किसानों की फसलों से संबंधित मुआवजा राशि के लाभार्थियों को करोड़ों रूपए की राशि ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से स्थानांतरित करने का काम किया गया है।

मौके पर नगर निगम कमिश्नर, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. जसविंद्र सैनी, समाज कल्याण विभाग से इंवेस्टिगेटर अवतार सिंह भी मौजूद रहे।

## मंडे मार्केट में बाहरी लोगों को नहीं लगाने दी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हिंदू जागरण मंच ने किया विरोध

हिंदू जागरण मंच ने सोमवार को अंबाला कैंट की मोटर मार्केट में लगने वाले मंडे बाजार में एकजुट होकर बाहरी लोगों की दुकानों को बंद करवा दिया। मंच के पदाधिकारियों ने बाहरी लोगों के आधार कार्ड जांचे। करीब तीन स्टॉल भी बंद करवाए।

इस दौरान यहां पुलिस के जवान भी तैनात रहे। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक रवि ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि सहारनपुर आदि शहरों से लोग आकर मंडे मार्केट बाजार में स्टॉल लगा लेते हैं। जबकि स्थानीय लोगों को यह जगह ही नहीं मिल पाती है। बाहरी लोग बिना किसी दस्तावेज के यहां आकर स्टॉल लगा रहे हैं। बता दें कि पिछले सोमवार को भी हिंदू संगठन के लोगों ने एकजुट होकर मंडे मार्केट में स्टॉल लगाने वाले बाहरी लोगों का विरोध किया था। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि अब यहां किसी बाहरी व्यक्ति की दुकान लगाने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां रोजगार का पहले संकट है उपर से बाहरी लोग यहां मार्केट में दुकानें सजा लेते हैं। उन्होंने बताया कि अब हर मंडे को बाजार में दस्तावेजों की जांच होगी।

**जानकारी** | जीएमएन कॉलेज में दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन

# मशीन लर्निंग और फॉग कंप्यूटिंग में उन्नति पर विस्तार से चर्चा

कार्यक्रम में 60 से अधिक शोध पत्रों की प्रस्तुतियां, पैनल चर्चाएं और कार्यशालाएं शामिल हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से महादेव एजूकेशनल सोसायटी के सहयोग से दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सम्मेलन में मशीन लर्निंग और फॉग कंप्यूटिंग में उन्नति पर विस्तार से चर्चा हुई। एक दिवसीय कार्यक्रम में देश और विदेश से प्रतिष्ठित शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग के पेशेवरों और छात्रों को ज्ञान का आदान-प्रदान करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अगली पीढ़ी के कंप्यूटिंग के क्षेत्र में नवाचारों का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया। ऑनलाइन मोड में आयोजित यह सम्मेलन मशीन लर्निंग, फॉग कंप्यूटिंग और वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में उनके अनुप्रयोगों में अत्याधुनिक विकास पर केंद्रित था। मुख्य वक्ताओं में विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित विद्वान और प्रौद्योगिकी उद्योग के नेता शामिल थे, जिन्होंने फ़ेडरेटेड लर्निंग, एज डिवाइसों के लिए एआई और सुरक्षित फ़ॉग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे रुझानों पर अंतर्दृष्टि साझा की। जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा, स्वायत्त वाहनों और स्मार्ट शहरों जैसे क्षेत्रों में डेटा प्रबंधन में फॉग कंप्यूटिंग की बढ़ती प्रासंगिकता पर जोर दिया। दत्त ने कहा कि डेटा की तेजी से वृद्धि और कम-विलंबता प्रसंस्करण की आवश्यकता के साथ, मशीन लर्निंग के साथ फॉग कंप्यूटिंग भविष्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण होती जा रही है। सत्र अध्यक्ष डॉ. प्रबलीन कौर ने तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने में शैक्षणिक-उद्योग सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ज्ञान साझा करने और नवाचार के लिए एक मंच है जो सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटता है। कार्यक्रम समिति में शामिल श्याम रहेजा, डॉ. गीता कौशिक और डॉ. भारती सुजान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस कार्यक्रम में 60 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुतियां, पैनल चर्चाएं और कार्यशालाएं शामिल थीं। विषय एआई-आधारित भविष्यवाणी मॉडल से लेकर फॉग नेटवर्क में गोपनीयता-संरक्षण डेटा तकनीकों तक थे।

### चयनित शोधपत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित किए जाएंगे

चयनित शोधपत्र एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित किए जाएंगे जिससे प्रतिभागियों को उनके शोध के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा। सम्मेलन का समापन डॉ. प्रबलीन कौर द्वारा प्रस्तुत समापन सत्र के साथ हुआ जिसमें उत्कृष्ट शोधपत्रों और योगदानकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजकों ने ब्लॉकचेन, क्वांटम कंप्यूटिंग और एथिकल एआई को शामिल करने के लिए अगले साल के सम्मेलन का दायरा बढ़ाने की योजना की घोषणा की।

## मेमोरी इंप्रूवमेंट के दिए टिप्स

शहजादपुर। राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. उमेश भारती की अध्यक्षता में गाइडेंस एंड काउंसलिंग सैल की अध्यक्षा डॉ. नंदिनी मौदगिल द्वारा टिप्स फॉर मेमोरी इंप्रूवमेंट विषय पर एक व्याख्यान करवाया गया। इसमें डॉक्टर नंदिनी ने स्वयं बच्चों को बड़े सरल और रोचक तरीके से स्मृति बढ़ाने हेतु बहुत सारी बातें बताई। मनोवैज्ञानिक एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को स्मृति बढ़ाने के तरीकों से अवगत करवाया। प्राचार्य डॉक्टर उमेश भारती ने बच्चों को अपने समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि जो समय हमारा व्यर्थ में चला जाता है वह वापस नहीं आता। बाद सिर्फ हमें पछतावा ही होता है। इस के लिए हमें टाइम मैनेजमेंट का पालन करना चाहिए।